वर्ष-01, अंक-288
छपरा
20 अगस्त मंगलवार 2024
पृष्ठ - 04
दैनिक खोजखबर
खबरों की सच्चाई से रू-ब-रू
E-mail : dainikkhojkhabar@gmail.com
E-Paper
website : www.dainikkhojkhabar.live

# बिहार के सुपौल में 935 सिपाही तपती धूप में धरने पर बैठे

## नाश्ते के बाद 265 ट्रेनी सिपाहियों की तबीयत बिगड़ी थी, सल्फास मिलाने का आरोप



**सुपौल,एजेन्सी।** बिहार विशेष सशस्त्र पुलिस (BSAP) के 935 ट्रेनी सिपाहियों ने सोमवार को 6 घंटे तक चिलचिलाती धूप में धरना दिया। ट्रेनी सिपाहियों का आरोप है उन्हें जहर मिला खाना दिया जा रहा है। खाने की क्वालिटी भी खराब है। दरअसल, रविवार को नाश्ते में पूड़ी, जलेबी और काबुली चने की सब्जी खाने के बाद 265 ट्रेनी सिपाहियों की तबीयत बिगड़ गई थी। इसके बाद ट्रेनी सिपाहियों को तुरंत वीरपुर अनुमंडल अस्पताल में भर्ती करवाया गया। इलाज के बाद रात 1 बजे सभी को डिस्चार्ज कर दिया गया। आरोप है कि जिस खाने से तबीयत बिगड़ी उसमें सल्फास (गेहूं को कीड़ों से बचाने वाली जहरीली दवा) मिलाया गया था। किचन से सल्फास की पुड़िया भी मिली है। हालांकि, खाने में सल्फास मिलाने की अभी तक पुष्टि नहीं हुई है।

सिपाही सुबह 8 बजे से धरने पर बैठे थे। दोपहर 2 बजे डीआईजी सफीकुल हक मौके पर पहुंचे। खाने की व्यवस्था को ठीक करने का भरोसा दिया, इसके बाद सभी अपने-अपने बैरक में लौट गए।

डीआईजी ने कहा कि 'फूड पॉइजनिंग का मामला सही है। इसमें जांच के बाद एक्शन लिया जाएगा। जवान की खाने की थाली से पुड़िया मिली है। वो क्या है इसकी भी जांच करवाई जा रही है। इसे लेकर स्थानीय थाने में प्राथमिकी दर्ज करवाई जाएगी।'प्रदर्शन कर रहे सभी ट्रेनी सिपाही हैं।

### डेढ़ महीने से मिल रहा खराब खाना

ट्रेनी सिपाहियों का कहना है कि वे बिहार के विभिन्न जिलों से यहां पीटसी ट्रेनिंग के लिए डेढ़ महीने से रह रहे हैं। हमें हर दिन खराब खाना मिलता है। अधिकारियों को शिकायत करने के बाद कोई कार्रवाई नहीं हो रही है।

**400 ट्रेनी सिपाहियों की जगह 935 को रखा गया :** ट्रेनी सिपाहियों का आरोप है कि टेनिंग सेंटर में 400 सिपाहियों के बैठने की कैपेसिटी है, लेकिन यहां 935 ट्रेनी सिपाहियों को बिठाकर ट्रेनिंग दी जा रही है। ट्रेनी सिपाहियों ने कहा कि मजबूरी में फर्श पर बैठकर ट्रेनिंग लेनी पड़ रही है। उन्होंने डीआईजी,आईजी से जांच की मांग की है।

# नाबालिग छात्रा हत्याकांड का मुख्य आरोपी सहित 4 गिरफ्तार

## अब तक पांच की हो चुकी गिरफ्तारी, दो और लोगों की तलाश में पुलिस कर रही छापेमारी



**मुजफ्फरपुर,एजेन्सी।** मुजफ्फरपुर के पारू थाना क्षेत्र में दलित नाबालिग लड़की के मुख्य आरोपी संजय राय को अररिया से गिरफ्तार कर लिया है। इसके अलावा तीन और लोगों की गिरफ्तारी हुई है। जिसमें पंकज पासवान, चुन्नू, मुन्ना पासवान शामिल हैं। अब तक पांच की गिरफ्तारी हुई है। 2 की संलिप्तता और सामने आई है। उनकी गिरफ्तारी की कोशिश जारी है। जानकारी एसएसपी राकेश कुमार ने पीसी कर दी है।

उन्होंने कहा कि घटना 11 अगस्त की रात की है। उसी दिन रात में संजय और नाबालिग दोनों ने फोन पर बात की थी। संजय ने उसे बुलाया था। गांव के पांच युवक जिन्हें इन दोनों के बारे में पता था। ये पांचों उन्हें रंग हाथ पकड़ना चाहते थे, इसलिए ये लोग भी वहां पहुंचे और संजय और नाबालिग लड़की से मारपीट की। पंकज ने लड़की के सिर में रॉड से हमला किया। जिसके बाद वे पांचों फरार हो गए थे।

मुख्य आरोपी संजय को लगा कि अब मेरा भेद खुल जाएगा। इसलिए उसने नाबालिग का हाथ-पैर बांधा और गला दबा दिया। घसीटते हुए उसे 30 मीटर दूर चौर में ले गया। जहां हल्का पानी था। वहां उसे दबा दिया ताकि शव ऊपर नहीं आए। घटना स्थल पर खून के दाग को हटा दिया। अपने सहयोगी मिथिलेश के साथ बोलेरो से भाग गया। जो पहले पकड़ा जा चुका है। मामले में बोलेरो, चार मोबाइल भी जब्त किया गया है।

**एसआईटी का गठन हुआ था :** आरोपी की गिरफ्तारी को लेकर एसएसपी राकेश कुमार के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई थी। इस टीम ने दर्जनों जगह पर छापेमारी की। वहीं, घटना से आक्रोशित बहुजन आर्मी के कार्यकर्ताओं ने मुख्य आरोपी संजय राय के पड़ोस के घरों में रविवार को जमकर तोड़फोड़ की थी। इससे पहले शनिवार को संजय राय के घर पर कुर्की जब्ती की कार्रवाई की गई थी।

इधर, संजय राय की गिरफ्तारी की पुष्टि एसडीपीओ सरैया कुमार चंदन ने की है। उन्होंने बताया कि पुलिस घटना की गंभीरता को देखते हुए लगातार काम कर रही थी। लालू छपरा गांव की छात्रा का बीते सोमवार को नहर के पास से शव मिला था।

## देशभर में मनाया गया रक्षाबंधन



**नई दिल्ली,एजेन्सी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्कूल के बच्चों के साथ रक्षाबंधन का त्योहार मनाया। उन्होंने बच्चों से राखी भी बंधवाई और उनसे बात भी की। इस दौरान वे बहुत खुश नजर आए। राखी से पीए मोदी की कलाई भर गई। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए देशवासियों को भी रक्षाबंधन की शुभकामनाएं दी। एक बच्ची ने पीएम मोदी को बहुत ही खास राखी बांधी। इस राखी में एक विशेष संदेश के साथ एक तस्वीर भी थी। दरअसल, इस राखी में पीएम मोदी की दिवंगत मां की तस्वीर थी और उसमें एक पेड़ मां के नाम संदेश लिखा हुआ था। बता दें कि पीएम मोदी ने हाल ही में एक पेड़ मां के नाम अभियान शुरू किया है, जिसमें उन्होंने हर व्यक्ति को एक पौधा लगाकर मां और धरती माता के प्रति सम्मान प्रकट करने की अपील की थी।

## आंध्र प्रदेश में मिलावटी खाना खाने से 4 की मौत

**अमरावती,एजेन्सी।** आंध्र प्रदेश के अनकापल्ली जिले के कोटावुराटला मंडल के कैलासा पटनम में एक धार्मिक संगठन (आराधना ट्रस्ट) की तरफ से संचालित छात्रावास में मिलावटी खाना खाने के कारण चार बच्चों की मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक अभी अनकापल्ली और विशाखापत्तनम जिलों के कई अस्पतालों में मिलावटी खाना खाने से बीमार पड़े कुल 37 बच्चों का इलाज चल रहा है।

सीएम चंद्रबाबू नायडू ने घटना पर जताया दुख

मामले में अनकापल्ली कलेक्टर विजय कृष्णन ने बताया कि ये घटना जिले के कोटावुराटला मंडल के कैलासा गांव में हुई है। वहीं इस घटना पर आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने गहरा दुख व्यक्त किया। मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू ने अनकापल्ली जिला कलेक्टर विजय कृष्णन को अन्य प्रभावित बच्चों के लिए बेहतर उपचार प्रदान करने का निर्देश दिया, जिनका वर्तमान में कई अस्पतालों में इलाज चल रहा है।

## भाई को राखी बांधने जा रही बहन की मौत

**समस्तीपुर,एजेन्सी।** समस्तीपुर में भाई को राखी बांधने अपने मायके जा रही महिला की सड़क हादसे में मौत हो गई। मृतका दरभंगा जिले के बिशनपुर थाना क्षेत्र रूपौली डघरौल गांव निवासी सुनील दास की पत्नी चंद्रिका देवी (30) है। जो अपने रिश्तेदार के साथ मायके जा रही थी। इसी दौरान कार ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे के बाद रिश्तेदार महिला को तड़पता छोड़कर मौके से भाग गया।

# राजनाथ के अमेरिका दौरे से तेजस को मिलेंगे पंख

## पीएम मोदी की यात्रा से पहले दुरुस्त करेंगे कील-कांटे!



**नई दिल्ली,एजेन्सी।** भारत के स्वदेशी हल्के लड़ाकू विमान (एलसीए) तेजस एमके1ए (LCA MKvA) को जल्द ही अपना इंजन मिलने की उम्मीद है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह जल्द ही अमेरिका के दौरे पर रवाना होने वाले हैं। सूत्रों का कहना है कि अपने इस पांच दिवसीय दौरे में रक्षा मंत्री अमेरिकी फर्म जनरल इलेक्ट्रिक की तरफ से हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) को जीई-एफ404 टर्बोफैन इंजन की आपूर्ति में हो रही देरी के मुद्दे को अमेरिकी अधिकारियों के समक्ष उठाएंगे। भारतीय वायुसेना को तेजस एमके1ए की डिलीवरी इंजनों की सप्लाई में देरी के चलते लटक रही है। भारतीय वायु सेना को 31 मार्च 2024 तक पहले तेजस एमके1ए की डिलीवरी होनी थी, लेकिन इसमें लगभग 10 महीने की देरी हो रही है।

### सितंबर में पीएम मोदी जाएंगे अमेरिका

सूत्रों मे बताया कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह 21 अगस्त से अमेरिका की पांच दिवसीय यात्रा पर रवाना होंगे। रक्षा मंत्री 23 अगस्त को पेंटागन में अपने अमेरिकी समकक्ष डिफेंस सेक्रेटरी लॉयड ऑस्टिन के साथ रक्षा सहयोग को और मजबूत करेंगे। राजनाथ सिंह 21 से 25 अगस्त तक अमेरिका में रहेंगे। रक्षा मंत्री की यह यात्रा इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सितंबर को अमेरिका की यात्रा पर रवाना होने वाले हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी संयुक्त राष्ट्र के भविष्य शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए 22 सितंबर को न्यूयॉर्क के लॉन्ग आइसलैंड पर भारतीय-अमेरिकी समुदाय को संबोधित करें। इसके बाद वे 26 सितंबर को उच्च स्तरीय संयुक्त राष्ट्र महासभा सत्र को संबोधित करेंगे।

### 10 माह लेट है तेजस के इंजनों की डिलीवरी

रक्षा मंत्री के इस दौरे में महत्वपूर्ण रक्षा सौदों में हो रही देरी पर भी चर्चा होगी। इनमें एलसीए तेजस एमके1ए को इंजन सप्लाई में हो रही देरी का मामला भी उठाया जाएगा। तेजस लड़ाकू विमानों के निर्माण के लिए हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (HAL) को अमेरिकी कंपनी जनरल इलेक्ट्रिक (GE) की तरफ से जीई-एफ404 टर्बोफैन इंजन की सप्लाई में देरी का सामना करना पड़ रहा है। एचएएल को 83 तेजस मार्क-vA फाइटर जेट के निर्माण के लिए F404 सीरीज के इंजनों की डिलीवरी का बेसब्री से इंतजार है। उम्मीद जताई जा रही है कि जीई के तरफ ये इंजन सितंबर में सप्लाई किए जा सकते हैं। हालांकि इंजन सप्लाई में देरी की वजह से तेजस की डिलीवरी 10 माह लेट है। रक्षा मंत्रालय ने 48,000 करोड़ रुपये के अनुबंध के तहत एचएलएच को 83 तेजस मार्क-1A की डिलीवरी का ऑर्डर दिया था।

### एमक्यू-9बी प्रीडेटर ड्रोन डील को लेकर होगी चर्चा

रक्षा सूत्रों के मुताबिक तेजस इंजन मुद्दे के अलावा, इस दौरे में उच्च प्रौद्योगिकी क्षेत्रों में भारत-अमेरिका रक्षा सहयोग को बढ़ाने पर चर्चा होगी। दोनों देश जेवलिन एंटी-टैंक गाइडेड मिसाइल और स्ट्राइकर आर्मर्ड व्हीकल जैसे प्रमुख रक्षा प्लेटफार्मों के सह-उत्पादन को लेकर भी बात होगी। स्ट्राइकर के को-प्रोडक्शन में भारत की गहरी दिलचस्पी है, देश की सेनाओं की जमीनी लड़ाकू क्षमताओं में अहम बढ़ोतरी करेगी। सूत्रों ने बताया कि एमक्यू-9बी प्रीडेटर ड्रोन सौदे को लेकर भी इस दौरे में चर्चा होगी। हाल ही में 31 जुलाई को भारतीय डिफेंस एक्विजिशन काउंसिल (डीएसी) ने कुछ सशोधनों के साथ एमक्यू-9बी प्रीडेटर ड्रोन डील को मंजूरी दी है। सूत्रों के मुताबिक प्रीडेटर पर डीआरडीओ के बनाए एंटी-शिपिंग मिसाइल को लगाने की बात भी कही गई थी। लेकिन प्रीडेटर पर डीआरडीओ मिसाइल लगाने को लेकर जनरल एटॉमिक्स ने अड़ंगा लगाते हुए इसे लगाने के बदले मोटी रकम की मांग की। प्रिडेटर डील के अलावा, 3.9 बिलियन डॉलर की कामत वाले मिसाइलों और गाइडेड बमों के साथ 31 यूएवी की खरीद को लेकर भी बातचीत हो सकती है।

## राष्ट्रपति पद की दौड़ में डोनाल्ड ट्रंप से आगे निकलती दिख रहीं कमला हैरिस

**वॉशिंगटन,एजेन्सी।** अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में डेमोक्रेटिक पार्टी की उम्मीदवार और उपराष्ट्रपति कमला हैरिस लगातार आगे बढ़ रही हैं। वे अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को लगातार चुनौती दे रही हैं। एक ताजा सर्वेक्षण में उनको ट्रंप से चार फीसदी ज्यादा वोट मिले हैं। डेमोक्रेटिक पार्टी के राष्ट्रीय सम्मेलन से पहले मिली यह मामूली बढ़त हैरिस के लिए काफी अहम मानी जा रही है।

वॉशिंगटन पोस्ट के मुताबिक ताजा सर्वेक्षण में हैरिस को 49 फीसदी वोट मिले, जबकि डोनाल्ड ट्रंप को 45 फीसदी वोट मिले। अगर अलग-अलग उम्मीदवारों की बात करें तो हैरिस को 47 फीसदी, डोनाल्ड ट्रंप को 44 फीसदी और रॉबर्ट एफ कैनेडी को पांच फीसदी वोट मिले। जबकि जुलाई में हुए सर्वेक्षण में ट्रंप 43 फीसदी वोटों के साथ आगे थे। बिडेन को 42 फीसदी और कैनेडी को नौ फीसदी वोट मिले थे। पोल में हैरिस को मिलती बढ़त ने डेमोक्रेटिक पार्टी की उम्मीदें बढ़ा दी हैं। जबकि पोल से संकेत मिलता है कि नवंबर में होने वाले चुनाव में दोनों उम्मीदवारों में कड़ी टक्कर होगी।

# यूपीएससी से सीधी भर्ती दलित, ओबीसी और आदिवासियों पर हमला :राहुल गांधी



**नई दिल्ली,एजेनसी।** यूपीएससी से सीधी भर्ती मामले में राहुल गांधी ने एक बार फिर केंद्र सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि प्रशासनिक सुधार आयोग दलित, ओबीसी और आदिवासियों पर हमला है। राहुल गांधी ने एक्स पर पोस्ट किया कि भाजपा का रामराज्य का विकृत संस्करण संविधान को नष्ट करने और बहुजनों से आरक्षण छीनने का प्रयास है। रविवार को भी राहुल गांधी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट कर हमला बोला था। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी संघ लोक सेवा आयोग की जगह राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के जरिए लोकसेवकों की भर्ती कर संविधान पर हमला कर रहे हैं। केंद्र सरकार के विभिन्न मंत्रालयों में महत्वपूर्ण पदों पर लेटरल एंट्री के जरिए भर्ती कर खुलेआम एससी, एसटी और ओबीसी वर्ग का आरक्षण छीना जा रहा है। वहीं इस मामले में पलटवार करते हुए केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा था कि सीधी भर्ती को लेकर पहला प्रयास यूपीए सरकार ने किया था। प्रशासनिक सुधा आयोग को 2005 में यूपीए सरकार में ही विकसित किया गया था। उन्होंने कहा कि वरिष्ठ कांग्रेस नेता वीरप्पा मोइली ने प्रशासनिक सुधार आयोग की अध्यक्षता की थी। आयोग को भारतीय प्रशासनिक प्रणाली को अधिक प्रभावी, पारदर्शी और नागरिक अनुकूल बनाने के लिए सुधारों की सिफारिश करने का काम सौंपा गया था।

### संविधान बदलने का चक्रव्यूह है यूपीएससी से सीधी भर्ती : खरगे

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने यूपीएससी से सीधी भर्ती को लेकर भाजपा पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि यह आरक्षण को छीनकर संविधान बदलने का भाजपा का चक्रव्यूह है। उन्होंने एक्स पर पोस्ट किया कि सीधी भर्ती का प्रावधान संविधान पर हमला है। सरकारी महकमों में रिक्तियां भरने के बजाय पिछले 10 वर्षों में सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों में ही भारत सरकार के हिस्सों को बेचकर भाजपा ने 5.1 लाख पद खत्म कर दिए।
उन्होंने कहा कि अनुबंधित भर्ती में 91 प्रतिशत इजाफा हुआ है। एससी-एसटी और ओबीसी के पदों में 1.3 लाख तक की कमी आई है। हम सीधी भर्ती गिने-चुने विशेषज्ञों को कुछ विशेष पदों में उनकी उपयोगिता के अनुसार नियुक्त करने के लिए लाए थे। लेकिन मोदी सरकार ने सीधी भर्ती का प्रावधान दलित, आदिवासी व पिछड़े वर्गों का अधिकार छीनने के लिए किया है। खरगे ने आरोप लगाया कि आरक्षित वर्गों के पद अब आरएसएस के लोगों को मिलेंगे।




# कोलकाता रेप-मर्डर केसः डॉक्टर की पहचान उजागर करने वाला अरेस्ट

**कोलकाता,एजेन्सी।** कोलकाता में ट्रेनी डॉक्टर के रेप-मर्डर के विरोध में दिल्ली समेत देशभर के रेजिडेंट डॉक्टर हड़ताल पर हैं। इस बीच कोलकाता पुलिस ने एक कॉलेज स्टूडेंट को ट्रेनी डॉक्टर की पहचान उजागर करने के आरोप में गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि स्टूडेंट ने सोशल मीडिया पर तस्वीर शेयर कर ट्रेनी डॉक्टर की जानकारी पब्लिक डोमेन में डाली। उसने सीएम ममता बनर्जी को जान से मारने की भी धमकी दी थी। इसे लेकर केस दर्ज कर लिया गया है। इसके अलावा दिल्ली में AIIMS के रेजिडेंट डॉक्टरों ने स्वास्थ्य मंत्रालय के बाहर ओपीडी लगाई। उन्होंने डॉक्टरों की सुरक्षा की मांग को लेकर नारेबाजी करते हुए कहा- ट्रेनी डॉक्टर के परिवार को न्याय मिलना चाहिए। दरअसल, 9 अगस्त को कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज में एक ट्रेनी डॉक्टर से रेप और हत्या की गई थी। 14 अगस्त की देर रात इसी अस्पताल में हिंसा हुई, जिसके बाद डॉक्टरों ने प्रदर्शन तेज किया।

### ट्रेनी डॉक्टर की डायरी के पन्ने गायब

ट्रेनी डॉक्टर की मां ने बताया कि उनकी बेटी रोज डायरी लिखती थी। हालांकि, अब सामने आया है कि डायरी के कई पन्ने गायब (फटे) हैं। माना जा रहा है कि पीड़िता की मौत से जुड़ा कोई राज इन पन्नों में छिपा था। मृतका की मां का दावा है कि सबूत मिटाने के मकसद से पन्ने फाड़ दिए गए होंगे। पुलिस ने दूसरे सबूतों के साथ डॉक्टर का लैपटॉप और वह डायरी सीबीआई को सौंप दी है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि सीबीआई को उस डायरी से इस घटना के बारे में कोई संकेत नहीं मिला था। हालांकि,सीबीआई ने पीड़िता की डायरी को जांच का प्रमुख पहलू बना लिया है।

# हर्षोल्लास के साथ मना भाई-बहन के अटूट प्रेम का पर्व रक्षाबंधन



**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** सावन माह के पूर्णिमा तिथि को भाई बहन के अटूट स्नेह और प्रेम का त्यौहार रक्षाबंधन प्रखंड क्षेत्र के नगर से लेकर ग्रामीण क्षेत्र में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सोमवार को बच्चे से लेकर बूढ़े भाई व बहनों ने स्नान कर बाबा हरिहरनाथ सहित अन्य देवाल्यो मे पूजा अर्चना कर तिथि व नक्षत्र के अनुसार बहनें उपवास रहकर अपने को सजधज कर भाइयों के पास पहुँची और थाली मे सजाये गए रोरी, चंदन,अरवा चावल,दही से तिलक लगाकर आरती उतारी और रक्षा सूत्र भाइयों की कलाइयां मे बांधकर भाईयों को मिठाई खिलाकर मंगल कामना के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। वहीं भाइयों ने भी रक्षा का संकल्प व्यक्त करते हुए बहनों को उपहार देते हुए बहनों को आजीवन रक्षा करने का संकल्प को दोहराया। रक्षाबंधन त्योहार को लेकर घरो में प्रेम सौहार्द और उत्साह का माहौल बना रहा। सभी बहनें आचार्यों द्वारा दिये गए दिशा निर्देश के अनुसार 2 बजने के बाद से रक्षा सूत्र बाँधने का जो सिलसिला शुरू हुआ से रात्रि तक हर हाल में रक्षा सूत्र बांधकर इस पर्व को मनाने के लिए खासे उत्साहित बहनें थी।रक्षा बंधन त्योहार को लेकर एक दिन पूर्व से ही बहने अपने-अपने भाईयों के यहां पहुंच गई थी। इस त्योहार को मनाने पर बहन और भाइयों ने खुलकर प्रेम व श्रद्धां का आनंद उठाया। सुबह से ही गाँव गलियों, मुहल्लों में उत्साह बना हुआ था। रक्षाबंधन के त्यौहार को लेकर हर भाई बहन के चेहरे पर अजीब का मुस्कान और आकर्षक देखा गया। रक्षाबंधन भाई बहन का अटूट प्रेम का संदेश दिया। अनिल श्रीवास्तव, विभा देवी ,रेशमी देवी, नीरज कुमार,सुभम कुमार,आरती कुमारी, साक्षी, आकांक्षा, सूर्या, लबली, हन्नी, सिनु सहित दर्जनों भाई बहनों ने कहा की रक्षाबंधन से स्नेह प्रेम भाई व बहन के बीच बना रहता है।भाइयों को बहनों के प्रति और बहनों को भाइ?यों के प्रति एक जिम्मेवारी का एहसास दिलाता है। पूरे एक वर्ष तक इस त्यौहार का हमें इंतजार रहता है। पंडितो ने अपने पुरोहितो की कलाइयों पर रक्षा सूत्र बांध उनके लम्बी आयु व उत्तम स्वास्थ्य की कामना किया। सनातन धर्म के मानने वालों ने राजा बलि के समान दानी होने की प्रार्थना की। लोक सेवा आश्रम के व्यवस्थापक मौनी बाबा ने फलदार वृक्ष के जड़ के ऊपर कच्चा धंगा लपेटकर रक्षाबंधन का रस्म अदा किया। मोनी बाबा ने कहा कि रक्षाबंधन सभी पर्व में एक अनोखा पर्व ही नहीं भारत की संस्कृति और मानवीय मूल्यों को उजागर करने वाला अनेक आध्यात्मिक रहस्य को प्रकाशित करने वाला और भाई-बहन के वैश्विक रिश्तों की स्मृति दिलाने वाला एक परमात्म उपहार है।

## पेड़ों को राखी बांधकर प्रकृति को बचाने का संदेश दिया

दैनिक खोज खबर/मसौढ़ी(पटना)। रक्षाबंधन में बहनों द्वारा राखी बांधना तो आप सब जरूर देखें होंगे लेकिन मसौढ़ी में पर्यावरण प्रेमी के द्वारा अनुमंडल परिसर में लगे वृक्षों पर रक्षा सूत्र बांधकर रक्षाबंधन का पर्व मनाया।कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जदयू नेता आश्विनि कुमार गोल्डी ने कहा की पेड़-पौधे की रक्षा से ही पर्यावरण की रक्षा संभव है और पर्यावरण की रक्षा से ही पृथ्वी की अस्तित्व की रक्षा हो सकती है। वही मौके पर लोगों ने कहा कि पेड़ - पौधे भाई और बहन के समान है। हर व्यक्ति को पेड़ पौधों को भाई-बहन मानना चाहिए। वहीं मौके पर वार्ड पार्षद उज्जवल कुमार, ग्रामीण जदयू अध्यक्ष सुनील वर्मा,जिला उपाध्यक्ष अशोक शर्मा ,आशुतोष पटेल,संजीव रंजन,विकाश केशरी,रोहित,दिलीप कुमार, सूरज चंद्रवंशी,रंजीत,रंजन,सहित अन्य लोग मौजूद रहें।

## बाइक सवार ने सड़क किनारे वृद्ध को मारा टक्कर, घायल सदर रेफर

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक सिवान एन एच 227 ए राम जानकी पथ पर मशरक थाना क्षेत्र के चंदेश्वर मोड़ पर अनियंत्रित बाइक सवार ने सड़क किनारे वृद्ध बेन छपरा गांव निवासी हीरामन महतो को टक्कर मार दी। घायल को सीएचसी मशरक में भर्ती कराया गया जहां से प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल छपरा रेफर कर दिया गया। घायल ने बताया कि वह खाना खाकर जैसें ही निकल सड़क किनारे पहुंचा कि अनियंत्रित बाइक सवार ने टक्कर मार दी।

## आपसी विवाद में मारपीट में तीन घायल

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक सीएचसी में आपसी विवाद में मारपीट में 3 घायलों को इलाज के लिए भर्ती कराया गया। घायल इसुआपुर थाना क्षेत्र के डोईला गांव निवासी स्व श्यामलाल नट का 60 वर्षीय पुत्र अरविंद नट, अरविंद नट की 55 वर्षीय पत्नी वसान्ती नट और लाला नट की 23 वर्षीय पत्नी उमा देवी हैं। घटना के बारे में बताया गया कि आपसी विवाद को लेकर लाठी डंडे और रॉड से मारपीट हो गई जिसमें सभी घायल हो गए।

## डंपर की चपेट ने आने से एक व्यक्ति की हुई मौत,घर में पसरा मातम



**दैनिक खोज खबर/नगरा(सारण)।** थाना क्षेत्र के नगरा जलालपुर मुख्य पथ पर नगरा गांव के समीप डंफर की चपेट में आने से एक साईकिल सवार व्यक्ति की मौत हो गयाउक्त व्यक्ति नगरा थाना क्षेत्र के अरवा पूरव टोला गांव निवासी पचास वर्षीय अकबर अली बताया जाता हैउक्त व्यक्ति फेरी का कार्य करते थे ,घटना स्थल से प्राप्त जानकारी अनुसार उक्त व्यक्ति नगरा बाजार से बाजार कर परचूनी का सामान लेकर अपने साईकिल से जा रहे थे तभी तेज रफ्तार वाहन ने जबरदस्त ठोकर मार दी जिससे घटना स्थल पर ही मौत हो गईतथा एक अन्य व्यक्ति घायल हो गयाघ्रटना के बाद वाहन लेकर चालक भागने लगा कुछ दूर जाकर वाहन छोड़कर फरार हो गया।मौत की खबर मिलते ही खबर में कोहराम मच गयाव्रहीं सड़क दुर्घटन की सूचना पर नगरा थाना की पुलिस ने पहुंचकर वाहन को जब्त कर आगे की करवाई में जुट गए।वहीं परिजनों ने बताया की उनके साथ एक अन्य व्यक्ति भी थे जो घायल हो गए हैं।

# बहनों ने भाई की कलाई पर बांधा रक्षासूत्र

## पारंपरिक श्रद्धा व उत्साह के साथ रक्षाबंधन का मना

**एकमा (सारण)।** प्रखंड क्षेत्र में सावन पूर्णिमा के अवसर पर भाई-बहन के अटूट स्नेह व प्रेम का त्योहार रक्षाबंधन पारंपरिक श्रद्धा व विश्वास के साथ मनाया गया। नगर पंचायत एकमा बाजार, हंसराजपुर, राजापुर, हरपुर, आमडाढ़ी, पचरुखिया, गौसपुर, देकुली, रसूलपुर, नचाप, भजौना, परसागढ़, नवादा, खानपुर, मुबारकपुर, हरपुर, आमडाढ़ी, छित्रवलिया, टेसुआर, देवपुरा, अतरसन, घुरापाली, लाकठ छपरा, चनचौरा आदि गांवों में बहनों ने भाईयों की कलाई पर रक्षा सूत्र रुपी राखी बांधा, माथे पर तिलक लगाकर कर व आरती उतार कर लंबी आयु की कामना की। वहीं भाईयों ने भी बहनों को उपहार भेंट कर उनके मान-सम्मान की रक्षा का संकल्प व्यक्त किया।

वहीं श्रावणी पूर्णिमा पर भाई बहन के पावन रिश्तों को और भी मजबूत करने का त्योहार रक्षाबंधन धूमधाम से मनाया गया। वहीं दूर दराज बैठे भाई-बहनों ने फोन से ही सम्पर्क साधते हुए बोला- ''हैप्पी रक्षाबंधन''। राखी व मिठाई की दुकानों पर खरीददारों की भीड़ रही।उधर घर पहुंची विवाहित बहनों से आंगन झूम उठा, तो कहीं-कहीं भाईयों को भी अपनी बहनों के घर जाना पड़ा। सड़कों पर भी आवागमन को लेकर चहल-पहल रही। इस बीच छोटे भाई - बहनों में राखी बांधने और बंधवाने को लेकर खूब उत्साह रहा।रक्षाबंधन पर्व के उत्साह के बीच बहनों में भाइयों से मिले गिफ्ट की खुशी भी छाई रही। अधिकांश भाइयों ने रक्षासूत्र बंधवाने के बाद बहनों के मान-सम्मान की रक्षा का संकल्प लेते हुए उन्हें यथा सम्भव धन दिया तो कई लोगों ने बहनों के हाथ आकर्षक गिफ्ट पैक रखकर उनके चेहरों पर चमक बिखेर दी। रक्षाबंधन मनाए जाने के साथ ही एक महीने से चल रहा भगवान भोलेनाथ को सबसे प्रिय सावन माह का समापन सोमवार हो गया

## गरीबनाथ मंदिर धनौरा मे 111 महाभोग एवं महाआरती का आयोजन



**दैनिक खोज खबर/ छपरा।** जिले के प्रसिद्ध बाबा गरीबनाथ मंदिर धनौरा मे श्रावणमास के अंतिम सोमवारी पूर्णिया के दिन संध्याकाल मे महाआरती के समय 111 प्रकार का भोग भोलेनाथ शंकर एवं उनके पंचपरिवार को महाप्रसाद के रूप मे चढाया जाएगा। धनौरा गांव के घर-घर से बना हुआ 111 प्रकार का भोग को चढाने एवं दर्शन करने के लिए भक्त काफी उत्सुकत रहे। महाआरती मे धनौरा के साथ कोठियां-नरांव, मुसेपुर, मदनपुर, मीरपुर जुअरा, रसुलपूर,मौजमपुर क्षेत्र के लोग भाग लिए इसके साथ ही महाआरती मे स्थानीय व्यास के साथ बाहर से भी कलाकार भाग लिए।महाआरती मे आस्था का सैलाब दिख रहा था जिसमे महिला एवं कुंवारी कन्याओ ने थाल मे आरती सजाकर भगवान भोलेनाथ का आरती किया इसके साथ ही व्यास राजबिहारी राय के मधुर आवाज मे गाया हुआ आरती मे उपस्थित लोग झूम उठे।

## 21 अगस्त को भारत बंद के आह्वान पर मशरक रहेगा बंद

**दैनिक खोज खबर/मशरक ( सारण ) ।** एससी- एसटी के आरक्षण को समाप्त करने की दिशा में षड्यंत्रकारी फैसले के खिलाफ आगामी 21 अगस्त को आहूत भारत बंद के तहत मशरक में भी पूरी तरह से चक्का जाम रहेगा । इसकी जानकारी अम्बेडकर लोक सेवा संघ के अध्यक्ष रणधीर कुमार मांझी ने दी । उन्होंने संघ के शिष्टमंडल के साथ मशरक थानाध्यक्ष को 21 अगस्त को बंद को लेकर ज्ञापन सौंपा । मौके पर पूर्व मुखिया ललन मांझी , अखिलेश राम, प्रमोद मांझी,मनोज राम, अनिल मांझी समेत अन्य मौजूद रहें । उन्होंने कहा कि एससी- एसटी के आरक्षण को समाप्त करने की दिशा में उच्च न्यायालय के षड्यंत्रकारी फैसले के खिलाफ आगामी 21 अगस्त को आहूत भारत बंद के तहत मशरक में भी पूरी तरह से चक्का जाम रहेगा । पूर्व मुखिया ललन मांझी ने कहा कि हड़ताल की सफलता के लिए अम्बेडकर लोक सेवा संघ के द्वारा संवैधानिक एवं शांतिपूर्ण तरीके से मशरक बंद का आह्वान किया गया है ।उन्होंने एससी- एसटी एवं पिछड़े वर्ग के छात्र एवं नौजवानों से 21 अगस्त के भारत बंद को सफल बनाने के लिए अपनी- अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने की अपील की है ।

# दक्षिण वाहिनी का गंगाजल प्रिया है बाबा हरिहरनाथ को

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** बाबा हरिहरनाथ एवं गरीब नाथ पहलेजा धाम की दक्षिण वाहिनी गंगा के एक बूंद पवित्र जल से प्रसन्न हो जाते हैं । यही कारण है कि श्रद्धालु भक्त बाबा को शीघ्र प्रसन्न करने के लिए दक्षिण वाहिनी गंगा का जल लेकर पहलेजा घाट से पैदल चलते हुए बाबा हरिहरनाथ तथा गरीब नाथ मुजफ्फरपुर पहुंचकर जलभिषेक करते हैं।



ऐसी मान्यता है कि खासकर सावन माह में बाबा हरिहरनाथ एवं गरीब नाथ सर्वदा जागृत रहते हैं और अपने हर सच्चे भक्त को सच्चे मन से आशीर्वाद देते हैं। मालूम हो कि सावन माह में जो कांवरिया पवित्र स्नान कर बोल बम बोल बम रट लगाते गरीब स्थान के लिए अपनी कावड़ यात्रा शुरू करते हैं वह सबसे पहले बाबा हरिहरनाथ पहुंचकर जल चढ़ाते हैं फिर गरीब नाथ मंदिर में जाकर जलाभिषेक कर धन धन होते हैं,। जब से जेपी सेतु बना है तब से बाबा हरिहरनाथ मंदिर पहुंचकर दर्शन करने वालों की भीड़ दुगनी हो गई है। भीड़ संभालने के लिए प्रशासन को सचेत रहना पड़ता है।

## मारपीट में 10 लोग घायल, सीएचसी में हुआ उपचार

**एकमा (सारण)।** एकमा पुलिस अंचल क्षेत्र के दाउदपुर थाना क्षेत्र के पिलुई गांव में आपसी विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच हुई मारपीट में चार महिलाओं समेत 10 लोग घायल हो गये। घायलों में ज्योति कुमारी, कमलावती देवी, मनीष कुमार, नीतेश कुमार, ऋतु देवी, धर्मेन्द्र कुमार, अनु कुमार, ललिता देवी, जितेन्द्र कुमार समेत 10 लोग शामिल है। सभी घायलों का प्राथमिक उपचार एकमा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र एकमा में किया गया। इस संबंध में घायलों के द्वारा दाउदपुर थाने में नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। पुलिस मामले की जांच-पड़ताल कर रही है।

## श्रावणी पूर्णिमा पर शिवालयों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**एकमा (सारण)।** एकमा प्रखंड व नगर पंचायत सहित आसपास के क्षेत्रों में सोमवार को श्रावणी पूर्णिमा व अंतिम सोमवारी पर क्षेत्र के शिवालयों में जलाभिषेक हेतु श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ती रही। इस अवसर पर शिव भक्तों ने शिवालयों में पहुंच कर जलाभिषेक, रुद्राभिषेक व दुग्धाभिषेक किया। गंगा जल, दूध, अक्षत, रोली, चंदन, विल्वपत्र, भांग, धतूरा व नैवैद्य आदि भगवान शिव को अर्पित किया। प्रखंड मुख्यालय स्थित शिव मंदिर के अलावा मौज बाबा के मठिया, मोहब्बत नाथ मठिया, रसूलपुर, आमडाढ़ी, खानपुर, गौसपुर, परसागढ़, नवादा, नचाप, मुबारकपुर, पचुआ, विशुनपुरा कला, भरहोपुर, गंजपर, एंट्री, हेकाम, माने आदि में स्थित मंदिरों के आसपास के वातावरण में हर हर महादेव, ऊं नमः शिवाय व बोलबम के जयकारे गुंजायमान होते रहे। सभी जगहों पर विशेष रूप से महिलाओं व कन्याओं ने सावन के अंतिम सोमवार पर विशेष पूजा-अर्चना किया। वहीं सीमावर्ती सिवान जिले के सिसवन प्रखंड के रामगढ़ पंचायत के मेंहदार स्थित बाबा महेंद्रनाथ मंदिर में भी क्षेत्र के श्रद्धालुओं ने जाकर जलाभिषेक किया।

## बाइक और साइकिल की टक्कर में आधा दर्जन घायल

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक थाना क्षेत्र के चैनपुर चमरिया गांव में बाइक और साइकिल की टक्कर हो गई जिसमें आधा दर्जन शख्स घायल हो गए। बाइक सवार इसुआपुर के परसा गांव निवासी कैलाश राय का 20 वर्षीय पुत्र विवेक कुमार,धामा परसा गांव निवासी दीनानाथ साह का 25 वर्षीय पुत्र अरूण कुमार, मुन्ना गुप्ता का 6 वर्षीय पुत्र आदिश कुमार और साइकिल सवार चैनपुर चमरिया गांव निवासी मूरत मांझी का 60 वर्षीय पुत्र भगेरन मांझी हैं। बाइक सवार सिवान जिले के नजीबा से बहन के यहां से राखी बंधवाकर मशरक के रास्ते घर आ रहें थें और साइकिल सवार घर से पचखंडा बाजार करने जा रहा था कि चैनपुर चमरिया गांव में बाइक और साइकिल की टक्कर हो गई। ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद दो को सदर अस्पताल छपरा रेफर कर दिया।

**बाइक की ठोकर से युवक घायलः एकमा (सारण)।** छपरा-सिवान एनएच 531 पर नगर पंचायत एकमा बाजार के शिवपुरी मुहल्ले में एक तेज रफ्तार अनियंत्रित बाइक की ठोकर से एकमा गांव निवासी परशुराम महतो घायल हो गए। आसपास के लोगों ने तत्काल घायल को लाकर एकमा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया। जहां उनका प्राथमिक उपचार कराया गया।

बताया गया है कि दुर्घटना तब घटित हुई जब परशुराम महतो बाजार से घर जाने के लिए सड़क पार कर रहे थे।

# सोनपुर में शुरु हुआ सभी गांव का भूमि सर्वेक्षण शिविर

## तिथि व पंचायत वार लगाए जाएंगे शिविर



**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** बिहार में जमीन सर्वे का कार्य चल रहा है.जिसे लेकर सारण जिला में पंचायत वार व तिथि वार शिविर और ग्राम सभा का आयोजन कर लोगों को इसकी जानकारी दी जाएगीउक्त बात की जनकारी देते हुए सर्वेक्षण अधिकारी ने सोमवार को यह भी बताया कि इस सभा में लोगों को सर्वे के दौरान जरूरी कागजी जनकारी दी जाएगी. भूमि सर्वेक्षण का कार्य को लेकर जिले मे कुल 20 प्रखंड जबकि 1730 गांवो का सर्वेक्षण होगा। सभी 1730 गांवों के रैयतो के जमीन का सर्वेक्षण होना है। जिले में इस सर्वेक्षण कार्य के लिए 15 सहायक बंदोवस्ती पदाधिकारी, 15 कानूनगो जबकि 310 अमीन, 20 लिपिक इस कार्य में लगाए गए हैं। सोनपुर अंचल के 23 पंचायत मे तिथि वार व पंचायतो मे शिविर लगाई जायेगी.जिसमें भू स्वामी अपने भूमि से संबंधित कागज एकत्रित करेंगे।भूमि सर्वे में भूमि से संबंधित भूमि लगान रसीद, खतियान, वंशावली, घर के बटवारा संबंधित कागजात, भूमि क्रय विक्रय संबंधित दस्तवेज,आधार कार्ड,मोबाइल नंबर सहित अन्य कागजात रखना अनिवार्य होगा। इस सर्वें कार्यों मे विभागीय अधिकारियो व कर्मियों को अंचल के शिविर में योगदान कराते हुए फील्ड में सर्वे कार्य में लगाया जायेगा। अंचलों में एक-एक शिविर कार्यालय बनाया गया है। राजस्व ग्राम में शिविर लगाने का मुख्य उद्देश्य रैयतों/भू-धारियों को जागरूक करना है। शिविर के जरीये रैयतों को भू-सर्वे की जानकारी देकर उन्हें इसका महत्व बताया जायेगा। रैयतों को यह बताया जायेगा कि भू-सर्वे के बाद नया खतियान तथा जमीन का नक्शा बनेगा. जिसके बाद जमीन विवाद में कमी आयेगी। रैयत अपने मोबाइल-कम्प्यूटर के जरिये भी खतियान देख सकेंगे। आम सभा में रैयतों के बीच प्रपत्र दो बांटे जायेंगे। इसी प्रपत्र में रैयत अपने जमीन का संपूर्ण ब्योरा भरकर देंगे। और ऑनलाइन भी दे सकेंगे आवेदन प्रपत्र दो में भर रैयतों को जमीन का ब्योरा देना है। पहले चरण में शिविर कार्यालय में आवेदन जमा कराने की व्यवस्था थी। इसके कारण रैयतों को आवेदन जमा कराने के लिए कार्यालय आना पड़ता था, लेकिन दूसरे चरण में बगैर शिविर कार्यालय आये भी आवेदन जमा करा सकेंगे। इस बार ऑफलाइन के साथ-साथ ऑनलाइन भी प्रपत्र दो जमा करने की व्यवस्था की गयी है। यानि घर बैठे-बैठे भी रैयत अपना आवेदन ऑनलाइन भेज सकेंगे। ग्राम सभा में रैयतों को ऑनलाइन आवेदन करने की भी जानकारी दी जायेगी। बता दे कि बिहार में सबसे पहले 1898 से शुरू होकर 1920 तक सर्वे किया गया था। जिसका नाम कैडस्ट्रल सर्वें से लोग जानते थे। बिहार मे वर्ष 2024 में 45 हजार से अधिक गांवो मे सर्वेक्षण का कार्य होगा। पहले चरण में राज्य के 20 जिले में जबकि दूसरे फेज में 18 जिले का सर्वेक्षण होगा. सारण जिले में 1917 में सर्वे हुआ था उसके बाद से जिले मे 1 अगस्त 2024 मे सर्वेक्षण का कार्य शुरुआत हो गयी हैं।

# अंतिम सोमवारी पर बाबा हरिहरनाथ मंदिर सहित अन्य शिवालयों में हर-हर महादेव की रही गूंज

## मंत्री सुमित कुमार सिंह ने बाबा हरिहरनाथ के पूजा अर्चना कर की आरती

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** सावन के पांचवे और अंतिम सोमवार के साथ भाई बहन के अटूट प्रेम का त्यौहार रक्षा बंधन एक ही दिन होने से पूरा नगर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रो मे भक्तिमय वतावरण के साथ हर्षल्लास का वतावरण से हरि और हर की नगरी सोनपुर में गजब का उत्साह का नजारा देखने को मिल रहा था। पहलेजाघाट दक्षिण वाहनी गंगा नदी व नरायणी नदी सहित अन्य नदियों मे अहले सुबह से स्नान कर शिव की भक्ति से हजारों श्रद्धालुओं देर रात से ही प्रसिद्ध बाबा हरिहरनाथ मंदिर सहित अन्य शिवालयों में जलाभिषेक के लिए कतारबद्ध खड़े होकर अपनी बारी के इंतजाए करते हुए जैसे ही मन्दिर के गर्भगृह मे बाबा हरिहरनाथ के प्रथम पूजा मंदिर के मुख्य पुजारी ने पूजा अर्चना व आरती करने के पश्चायत शिव भक्तो के लिए मंदिर के पट खुला वैसे ही शिवभक्तो ने बाबा हरि व हर के जलाभिषेक किया। चारों तरफ हर-हर महादेव और बोलबम के जयघोष से पूरा हरिहर क्षेत्र के नगरी गुंजायमान रहा। मंदिर के मुख्य अर्चक सुशील चंद्र शास्त्री ने बताया कि अर्द्धरात्रि के बाद मंगलारती और भगवान के रुद्राभिषेक के बाद दो बजे से आमभक्तों के जलाभिषेक के लिए पट खोल दिया गया। हालांकि देर रात से ही जो श्रद्धालुओं की अपार भीड़ कतारबद्ध हो जलाभिषेक के इंतजार में खड़े रहे। मंदिर

न्यास समिति के सचिव विजय कुमार सिंह लल्ला व कोषाध्यक्ष निर्भय कुमार ने बताया कि पांचवे व



अंतिम सोमवारी के पूर्णिमा होने के कारण लाखों श्रद्धालु बाबा हरिहरनाथ के दरबार में हाजिरी लगा गर्भगृह में लगाये गए अरघा द्वारा भगवान का अभिषेक किया। भीड़ नियंत्रण तथा सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित जलाभिषेक में पुलिस प्रशासन का स्काउट एंड गाइड के सदस्यों व बॉलिंटियर्स ने बखूबी सहयोग किया। वहीं सोमवार को संख्या होते ही मंदिर की शोभा भव्य रूप में निखर उठा। बाबा का श्रृंगार बेली, चमेली, गेंदा, गुलाब सहित विभिन्न प्रकार के फूल व पतियों के अलवा रंग बिरंगे लाईट से सजाया गया था वहीं गरुड़ पर सवार भगवान विष्णु व भोलेनाथ के अदभुत श्रृंगाए श्रद्धालुओं को मन मोह रही थी। साथ ही फूलों के सजावट से पूरा मंदिर महक उठा। बिहार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री सह सारण जिला प्रभारी सुमित कुमार व उनके घर के सदस्यों के अलवा उनके ससुराल के सदस्यों मे सोनपुर बरबटा निवासी समाजसेवी व अधिवक्ता ओम कुमार सिंह सहित पुरे परिवार ने बाबा हरिहरनाथ के दरवार मे पहुँचे कर संध्याकालीन रुद्राभिषेक कर बाबा हरिहरनाथ के श्रृंगार व आकर्षक सजावट करा कर महा आरती मे शामिल होकर हजारों श्रधांलुओं के साथ बाबा हरिहरनाथ के आरती कर महा प्रसाद वितरण कराये। उधर श्रद्धालुओं की भीड़ नियंत्रण के लिए स्थानीय प्रशासन एवं मंदिर न्यास समिति द्वारा विशेष इंतजाम किये गए थे। साथ ही स्काउट एंड गाइड समेत राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के युवाओं ने भी सहयोग दिया। मंदिर तथा आसपास लगे सीसीटीवी के माध्यम से कंट्रोल रूप्म से मंदिर प्रबंधन नजर बनाये रखे हुए था जिससे लाखों श्रधांलुओं को कस्ट न हो साथ ही कोई अप्रिय घटना न हो इसके लेकर कड़े इंतजाम किये गए थे । बाबा हरिहरनाथ साहित अन्य शिवलियों में जलाभिषेक के लिए शिव भक्तों ने जलाभिषेक कर घर मे सुख शन्ति और निरोगी काया बनाये रखने के लिए भोलेनाथ सहित अन्य देवता से आराधना किया।



## अंतिम सोमवारी को 30 हजार से अधिक लोगों ने किया जलाभिषेक

**दैनिक खोज खबर/मढ़ौरा।** प्रसिद्ध शिल्हौड़ी शिलानाथ मंदिर मे पांचवी सोमवारी और अंतिम सावन पर हजारों की संख्या में श्रद्धालु मंदिर पहुंचें । शिव भक्तों? ने भगवान भोलेनाथ का गंगाजल, बिल्वपत्र,पुष्प, भांग धतूरा आदि से जलाभिषेक कर अपनी सुख समृद्धि का आशीर्वाद मांगा। मंदिर परिसर बम भोले के जयकारे से सुबह से ही गुंजयमान रहा। अंतिम दिन रक्षा बंधन और गांवों में म ईयां स्थान पूजा होने से भीड़ थोड़ी कम रही। इसके बाद भी मंदिर में श्रद्धालुओं का पहुंचना जारी था। रक्षा बंधन का समय दोपहर बाद होने से भी महिला श्रद्धालुओं को पुरा समय मिला।

मंदिर प्रबंध कमिटी के लोगों ने बताया कि करीब 30 हजार श्रद्धालु पांचवी और अंतिम सोमवारी पर शिलनिधि मंदिर पहुंचे थे। सोमवारी और अंतिम सावन को लेकर पुलिस प्रशासन मंदिर परिसर में विधि व्यवस्था को लेकर सक्रिय रही। प्रशासन और मंदिर कमेटी के सदस्यों की चुस्त व्यवस्था से श्रद्धालुओं को परेशानी कम हुई । अंतिम सावन पर करीब 19291 रुपए की राशि श्रद्धालु भक्तों ने मंदिर विकास के लिए दान दिया। बता दें कि इस वर्ष सावन महिने में पांच सोमवारी था। सभी सोमवारी पर शिल्हौड़ी शिव मंदिर में श्रद्धालुओं हजारों की संख्या में मंदिर पहुंच कर जलाभिषेक किए । इसमें चौथी सोमवारी पर करीब 75 हजार लोगों ने मंदिर में जलाभिषेक किया था।



## कुशीनगर की झांकी ने लोगो का किया मनोरंजन

**दैनिक खोज खबर/रसूलपुर(एकमा)।** स्थानीय बाबा दुर्गेश्वरनाथ शिवमन्दिर में पांच दिवसीय झूलनोत्सव का कार्यक्रम प्रारंभ है। झूलन के चौथे दिन समिति के तरफ से कुशीनगर का विकास एंड झांकी ग्रुप के माध्यम से एक बहुत हीं आकर्षक झांकी का आयोजन किया गया। इस झांकी ने लोगो का भरपूर मनोरंजन किया। इस झांकी के सफल आयोजन के लिए राजाराम पटेल, मुखिया प्रतिनिधि मिथलेश प्रसाद, उपमुखिया मनोज प्रसाद सोनी, उमाकान्त कुशवाहा, भुट्टू सोनी, प्रभुजी पटवा, शुभम दूबे, तथागत दूबे, शिवम तिवारी, मन्नू मिश्रा, अनूप दूबे, सोनू दूबे, सोनू जिमर, विशाल कुमार और सभी लोगो का भरपूर सहयोग रहा। नवयुवक संघ रसूलपुर से बाहर रहनेवाले सदस्यों ने भी इस झांकी का वीडियोकॉल के माध्यम से भरपूर आनन्द लिया।

## जब चंद्रमा पूर्ण होता है, तब भगवान बलराम प्रकट होते हैं

**दैनिक खोज खबर सोनपुर।** विश्व विख्यात हरिहर क्षेत्र सोनपुर के प्रसिद्ध श्रीगजेन्द्रमोक्ष देवस्थान नौलखा मन्दिर परिसर में सावन माह के पूर्णिमा के दिन सोमवार को झूलाउत्सव के अंतिम दिन बलराम के प्रकट दिवस का उत्सव भी मनाया गया। झूले का श्रृंगार बहुत ही खूबसूरती के साथ किया गया।भगवान श्री बालाजी वेङ्कटेश, श्री श्रीदेवी ,श्री भूदेवी का अभिषेक कर अलौकिक सजावट की गई । मान्यता है कि जब चंद्रमा पूर्ण होता है, तब भगवान बलराम प्रकट होते हैं। झूलन यात्रा का अंतिम दिन और बलराम के प्रकट दिवस उत्सव के रूप में श्री बलदेव पूर्णिमा महोत्सव के साथ पांच दिवसीय झूला महोत्सव के पांचवें व अंतिम दिन के कार्यक्रम बहुत श्रद्धापूर्वक मनाया गया।श्रावणी पूर्णिमा व झूला महोत्सव समापन समारोह पर देवस्थान पीठाधीश्वर जगद्गुरु रामानुजाचार्य स्वामी लक्ष्मणाचार्य जी महाराज बताए कि मंदिर में आए हुए भक्तों ने श्री राधा माधव जी को झूला झुलाया। श्री स्वामी जी ने कृष्ण जी बलदेव जी की महिमा कीर्तन करते हुए बताया कि त्रेता युग में लक्ष्मण भगवान श्री रामचंद्र जी के छोटे भाई के रूप में प्रकट हुए लक्ष्मण अपने मन के अनुसार रामचंद्र जी की सेवा नहीं कर पाए। इस बात का उनको बहुत दुख था। इसीलिए द्वापर युग में भगवान कृष्ण के बड़े भाई बलराम जी के रूप में प्रकट हुए।इस प्रकार यह त्यौहार रात्रि दस बजे तक भजन गायन करते हुए उत्साह के साथ-साथ सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर देवस्थान प्रबंधक नन्दकुमार रॉय ने कहा इस त्यौहार का मुख्य उद्देश्य सामाजिक मेलजोल और सांस्कृतिक गतिविधियों को बढ़ावा देना है।महोत्सव समापन के बाद श्रद्धालुओं को क्षीरान्न महाप्रसाद भण्डारा खिलाया गया।

## आर टी आई कार्यकर्ता को जान से मारने की मिली धमकी

**दैनिक खोज खबर/नगरा(सारण)।** खैरा थाना क्षेत्र के जगदीशपुर निवासी आर टी आई कार्यकर्ता संतोष कुमार राय को जान से मारने की धमकी मिली है। इस बाबत श्री राय ने थाने में आवेदन देकर सूचित किया है कि मैं सूचना के अधिकार के तहत उत्क्रमित मध्य विद्यालय जगदीशपुर के प्राचार्य पवन कुमार से सूचना मांगी थी जिसके एवज में सूचना उपलब्ध न करा करके वे मुझको जान से मारने की धमकी दे रहे हैं तथा अपने किसी परिचित बंटी कुमार से रजिस्टर्ड डाक के द्वारा पत्र भेज कर भी जान मारने की धमकी दिलवा रहे हैं । इस बाबत खैरा थाना अध्यक्ष अणिमा राणा ने बताया कि आवेदन प्राप्त हुआ है मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

## गाइडो ने बांधी राखी, स्काउटो ने सुरक्षा का लिया संकल्प

### भारत स्काउट और गाइड सारण के स्वयंसेवकों ने मनाया रक्षाबंधन

**दैनिक खोज खबर/छपरा ।** बहन और भाई के अटूट प्यार के प्रतीक रक्षाबंधन का पर्व उल्लास के साथ भारत स्काउट और गाइड सारण के स्वयंसेवकों के द्वारा मनाया गया।रक्षाबंधन पर स्काउटो की कलाई पर गाइडों ने राखी बांधी। वहीं स्काउटो ने गाइडो की सुरक्षा का वचन दिया। रक्षाबंधन के पर्व को लेकर स्काउट और गाइड में काफी उत्साह देखने को मिला। जिला संगठन आयुक्त(स्काउट)अमन राज ने बताया की रक्षाबंधन बहन के प्रति भाई के स्नेह को दर्शाता है।और स्काउट गाइड के नियम में ही हैं की एक स्काउट और गाइड दुसरे स्काउट और गाइड के भाई बहन होते है। इसी उद्देश्य से गाइडों ने स्काउटो के कलाई पर रक्षासूत्र बांधकर रक्षा का संकल्प दिलाया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से स्काउट गाइड सारण के प्रशिक्षक प्रणव, चंदन स्काउट आदित्य, अरमान, गाइड अनुष्का, अर्चना, कोमल, गुड़िया, ज्ञान्ति,सुरुचि साहित बड़ी संख्या में स्काउट गाइड के स्वयंसेवक महजूद रहे।



## मशरक में चाकू के बल पर बाइक व मोबाइल छीना

**दैनिक खोज खबर/ मशरक(सारण)।** मशरक थाना क्षेत्र अंतर्गत सपही गांव के पास एक व्यवसायी की बाइक व मोबाइल अपराधियों द्वारा चाकू का भय दिखाकर छीन लिया गया। व्यवसायी पानापुर थाना क्षेत्र के टोटहा जगतपुर गांव निवासी संतोष कुमार सिंह पिता ने मशरक थाना मे प्रथमिकी दर्ज करायी है। शुक्रवार की रात में साढ़े आठ बजे बनसोही बाजार से अपनी दुकान बंद कर घर जा रहा था तभी मशरक थाना क्षेत्र के सपही गांव के पास सुनसान जगह पर तीन अज्ञात युवकों ने चाकू का भय दिखाकर बाइक व मोबाइल छीन ली।

## ट्रक चालक से मारपीट कर 17 हजार रुपए छीने

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक थाना क्षेत्र के चालीस आरडी नहर के पास एक ट्रक चालक के साथ मारपीट कर 17 हजार पांच सौ रुपए छीन लिये गये। ट्रक चालक पदमौल गांव निवासी राहुल राय ने प्राथमिकी दर्ज करायी है। ट्रक मशरक गोपालबाड़ी गांव का है।

## अब सब्जी दुकान खोलेगी नीतीश सरकार सहकारिता विभाग का नया प्लान



**पटना, एजेंसी।** बिहार के किसानों के लिए खुशखबरी है। सब्जी की आर्गेनिक खेती करने वाले किसानों को नीतीश सरकार मदद करेगी। उनके उत्पादों को बाजार मुहैया कराया जाएगा। सहकारिता विभाग ने इसकी योजना बनाई है। विभाग ने आर्गेनिक तरकारी बेचने के लिए सब्जी बूथ खोलने का निर्णय लिया है। पहले चरण में ट्रायल के तौर पर राजधानी पटना सहित प्रमुख शहरों में पंद्रह बूथ खोले जाएंगे।

इन दुकानों में बिक्री बढ़ने पर सब्जी बूथों की संख्या बढ़ाई जाएगी। सहकारी संघों के जरिए सब्जी बूथों पर तरकारी उपलब्ध कराई जाएगी। बिहार सरकार के सहकारिता मंत्री प्रेम कुमार ने बताया कि सचिवालय और अन्य 15 इलाकों में सब्जी बूथ खोलने की योजना है। जल्द ही इस संबंध में निर्णय लिए जाएंगे। सरकार आर्गेनिक खेती को बढ़ावा दे रही है। इसी के तहत विभाग ने भी आर्गेनिक सब्जी की बिक्री को बढ़ावा देने का निर्णय लिया है।

### किसानों को मिलेगा उचित दाम

दरअसल, आर्गेनिक सब्जी के उत्पादन में लागत अधिक लगती है। ऐसे में इसका दाम अधिक होता है जबकि खुले बाजार में कम कीमत की सब्जी उपलब्ध रहती है। इसलिए इसे बेचने के लिए किसानों को स्थानीय स्तर पर बाजार नहीं मिल पाता है। उन्हें कम कीमत पर ही उत्पाद बेच पड़ता है। सब्जी बूथों के जरिए किसानों को आर्गेनिक तरकारी के उचित दाम दिलाने का प्रयास किया जाएगा।

### सहकारी समितियों को होगा फायदा

वर्तमान में राज्य के 20 जिलों के 300 प्रखंडों में प्राथमिक सब्जी सहकारी समितियां गठित हैं। करीब 41 हजार इसके सदस्य बन चुके हैं।

सरकार की योजना सभी जिलों में इसका विस्तार करने की है। इसे देखते हुए सहकारिता विभाग अभी से ही इसके लिए बाजार विकसित करने की तैयारी कर रहा है। सब्जी बूथ उसी दिशा में एक कदम है।

### पंत भवन में सब्जी बिक्री केंद्र हुआ बंद

इससे पहले राजधानी में कृषि विभाग के उद्यान निदेशालय की ओर से सब्जी बिक्री केंद्र खुला था। पंत भवन में इसकी दुकान थी। यहां सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की मदद से सब्जी बेची जा रही थी। यह योजना परवान नहीं चढ़ी तो विभाग ने इसे फ्रेंचाइजी को दे दिया। अभी यह दुकान नहीं खुलती है।

## शराब तस्करों का पीछा कर रही पुलिस जीप पलटी, ड्राइवर की मौत, चार जख्मी, दारोगा का पिस्टल किया गायब

**मोतिहारी, एजेंसी।** बिहार के पूर्वी चंपारण पुलिस जीप पलट जाने से ड्राइवर की दर्दनाक मौत हो गई। एनएच-27 पर बड़हरवा खुर्द गांव के समीप रविवार को हुई। गोपालगंज के महम्मदपुर थाने की निजी स्कार्पियो शराब तस्करी की सूचना पर कार का पीछा कर रही थी।अचानक पुलिस की गाड़ी पलट गई। हादसे में गाड़ी पर सवार एक दारोगा और तीन चौकीदार समेत चार पुलिसकर्मी जख्मी हो गए। इलाज के लिए ले जाने के क्रम में पुलिस गाड़ी चला रहे चौकीदार सह ड्राइवर धर्मेंद्र कुमार की रास्ते में मौत हो गई।

दुर्घटना के बाद राहत कार्य में पहुंचे किसी व्यक्ति ने दारोगा की पिस्टल गायब कर दी। हालांकि, पिस्टल बाद में मिल गई। जख्मियों में दारोगा मोहन कुमार निराला गोपालगंज जिले के महम्मदपुर थाना क्षेत्र के मंगलपुर के रहने वाले हैं। चौकीदार बजरंग प्रसाद यादव, चौकीदार मदन राय महम्मदपुर थाना क्षेत्र के बांसघाट मसूरिया के रहनेवाले हैं। मृतक धर्मेन्द्र भी गोपालगंज के मंगलपुर निवासी थे। जानकारी के अनुसार कार में शराब लदी होने की सूचना पर महम्मदपुर पुलिस ने उसका पीछा करना शुरू किया। इस दौरान महम्मदपुर थाना क्षेत्र की सीमा से करीब छह किमी दूर बड़हरवा खुर्द गांव के समीप पुलिस की गाड़ी असंतुलित होकर सड़क के बीच बने डिवाइडर से टकराकर सड़क पर ही पलट गई। हालांकि, पुलिस शराब तस्करी कर ले जा रही कार की जगह पिकअप से चौकीदार को ठोकर मारने के बाद पीछा करने की बात बता रही है। चकिया डीएसपी सतेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि एक दारोगा सहित दो चौकीदार जख्मी हुए हैं।

इलाज के क्रम में चौकीदार धर्मेंद्र कुमार की मौत हो गयी है। मामले में महम्मदपुर थाने के दारोगा संजीत कुमार ने डुमरियाघाट थाने में सनहा दर्ज कराया है। इसमें कहा गया है कि गोपालगंज के खोरमपुर चौक पर चेकिंग के दौरान एक पिकअप चौकीदार को ठोकर मारकर डुमरियाघाट की तरफ भागा। पीछा करने के दौरान गाड़ी दुर्घटनाग्रस्त हो गयी। मामले में आगे की कार्रवाई महम्मदपुर पुलिस करेगी।

# ऑटो में सवार महिला से छिनतई करते भरतपुरा का रंजन तिवारी व राजू तिवारी गिरफ्तार

**परवेज़ अख्तर/सिवान।** पचरूखी थाना क्षेत्र के नैनपुरा गांव समीप रविवार की देर रात आटो में सवार एक महिला से आटो चालक और उसके सहयोगी ने छिनतई की घटना को अंजाम दिया। मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए घटना में शामिल चालक सहित एक अन्य को गिरफ्तार कर लिया। वहीं महिला से छिनतई हुई मोबाइल को चालक के घर से बरामद कर लिया। गिरफ्तारी में जीबी नगर थाना क्षेत्र के भरतपुरा निवासी रंजन तिवारी व राजू तिवारी शामिल है। पुलिस ने दोनों से पूछताछ कर जेल भेज दिया। जानकारी के अनुसार नैनपुरा निवासी सह पीड़िता आकांक्षा रानी शहर से आटो में सवार होकर अपने घर जा रही थीं। तभी थाना क्षेत्र के घोड़घियां गांव के समीप आटो चालक व उसके साथी ने पीड़िता के साथ छिनतई की घटना को अंजाम दिया। मामले में एसपी अमितेश कुमार ने बताया कि 18 अगस्त को पचरुखी थाना क्षेत्र अंतर्गत रात्रि करीब आठ बजे एक महिला से आटो चालक एवं आटो में सवार एक अन्य व्यक्ति द्वारा सुनसान रास्ते पर मोबाइल छीनने की घटना को अंजाम दिया गया। सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पचरुखी थाना घटनास्थल पर पहुंची। घटनास्थल पहुंच कर ज्ञात हुआ कि कांड में शामिल एक बदमाश को ग्रामीणों द्वारा पकड़ लिया गया है, जबकि आटो चालक आटो और चोरी का मोबाइल लेकर भाग गया। पुलिस द्वारा अग्रिम कार्रवाई करते हुए आटो चालक को उसके घर जीबी नगर थाना अंतर्गत भरतपुरा से गिरफ्तार कर लिया गया है। उसके घर से घटना में प्रयुक्त आटो एवं चोरी गई मोबाइल को भी बरामद कर लिया गया है। आटो चालक पहले भी चोरी के कांड में जीबी नगर थाना द्वारा गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है।

## सात दिनों के अभियान में 94 गिरफ्तार, 80 भेजे गए जेल

**09 बाइक, 10 मोबाइल, 02 बोलेरो, 04 स्कार्पियों, 02 कट्टा, 01 पिस्टल, 06 गोली, 34 ग्राम स्मैक, चरस 637 ग्राम चरस, 01 साइकिल सहित अन्य सामान बरामद**

**परवेज़ अख्तर/सिवान।** पुलिस अधीक्षक अमितेश कुमार के आदेश पर जिले में विशेष अभियान चलाया जा रहा है। पिछले सात दिन के विशेष अभियान के दौरान 94 आरोपितों को गिरफ्तार किया गया, उनमें से 80 आरोपितों को जेल भेजा गया। मामले में एसपी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि 13 अगस्त से 19 अगस्त तक चले विशेष अभियान के दौरान 94 आरोपितों को गिरफ्तार किया गया। इनमें 80 को जेल भेजा गया और 14 को पुलिस बांड पर छोड़ दिया गया। इस दौरान विविध कांडों में 15, शराब के कांड में 71, हत्या के प्रयास कांड में छह, आर्म्स एक्ट के कांड में दो गिरफ्तारी की गई। वहीं 2408.90 लीटर शराब व 490.320 लीटर विदेशी शराब जब्त किया गया। जबकि 76 वारंट का निस्पादन किया गया। जबकि सात लाख 19 हजार पांच सौ रुपया जुर्माना की राशि वसूल की गई। बताया कि अभियान के दौरान नौ बाइक, दस मोबाइल, दो बोलेरो, चार स्कार्पियों, दो कट्टा, एक पिस्टल, छह गोली, 34 ग्राम स्मैक, चरस 637 ग्राम चरस, एक साइकिल,नकद पांच हजार पांच सौ रुपया सहित अन्य सामान बरामद हुआ। बताया कि जिले के सभी थानाध्यक्ष, सर्किल इंस्पेक्टर व पुलिस टीम रात भर छापेमारी में जुटी रही।सदर एसडीपीओ और महाराजगंज एसडीपीओ भी छापेमारी में लगे रहे। एसपी ने बताया कि पुलिस का यह अभियान जारी रहेगा। बताया कि किसी भी आपात स्थिति में डायल 112 पर काल कर सकते हैं।

## ब्रह्माकुमारी बहनों ने मनाया रक्षाबंधन का त्योहार

**सिवान।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के मखदूम सराय स्थित सेवा केंद्र में पवित्र धागों का त्योहार रक्षाबंधन अद्भुत रीति से मनाया गया। इस दौरान राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी सुधा बहन ने उपस्थित लोगों को ईश्वरीय राखी बांधी। इस दौरान राखी का आध्यात्मिक रहस्य बताते हुए उन्होंने कहा कि रक्षाबंधन केवल स्थूल तन की रक्षा का ही नहीं, बल्कि आपदाओं, मर्यादाओं, माया के बंधन व काल के पंजे से रक्षा का प्रतीक है। कहा कि सच्ची राखी सभी प्रकार के पापों से मुक्त कर देता है। देश में आज अनेक प्रकार के पापाचार व हिंसक कार्य हो रहे हैं। पांच लड़ियों की सुंदर रखी रक्षक, कुल रक्षक, सेवा रक्षक, मर्यादा रक्षक तथा राष्ट्र व विश्व रक्षक है। वहीं गणमान्य अतिथियों ने भी रक्षाबंधन के महत्व के बारे में कहा कि यह पर्व बहन-भाई के अटूट प्रेम एवं विश्वास का प्रतीक है। यह त्योहार मन, वचन, कर्म से पवित्र रहने का शुभ संदेश देता है। हमें अपने सभी त्योहार उत्साह व उल्लास से मनाने चाहिए, ताकि आने वाली पीढ़ी अपनी संस्कृति से जुड़ी रहे। कार्यक्रम में सांसद विजयलक्ष्मी देवी, सदर विधायक अवध बिहारी चौधरी, दारौंदा विधायक कर्णजीत सिंह उर्फ ब्यास सिंह, जेल अधीक्षक देवाशीष सहित डा.आशुतोष कुमार सिन्हा, डा. विनय भूषण सिंह, निर्मल भाई, अनिल भाई, ओमप्रकाश भाई उपस्थित थे। वहीं दूसरी ओर ब्रह्माकुमारी बहनों ने मंडल कारा में बंदियों व पुलिस लाइन में जवानों को राखी बांधकर सकारात्मक जीवन जीने का संकल्प दिलाया।

## स्कार्पियों व बाइक से सौ कार्टन शराब बरामद

**सिवान।** मुफस्सिल थाना क्षेत्र के सुता फैक्ट्री के समीप गश्त दल ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर एक स्कार्पियों व एक बाइक से सौ कार्टन शराब बरामद की। इस दौरान शराब तस्कर भागने में सफल रहा। मामले में थानाध्यक्ष अशोक कुमार दास ने बताया कि सूचना मिली थी कि एक स्कार्पियों व एक बाइक से यूपी से शराब आ रही है। सुता फैक्ट्री के पास वाहन शुरू की गई। जांच के दौरान दोनों वाहनों से सौ कार्टन शराब बरामद हुई, हालांकि तस्कर फरार होने में सफल रहे।

## कोलकाता की घटना के विरोध में नारी शक्ति ने किया प्रदर्शन, जताया रोष

**महाराजगंज (सिवान)।** कोलकाता में चिकित्सक के साथ दुष्कर्म व हत्या की घटना के विरोध में रविवार की शाम अनुमंडल मुख्यालय में भाजपा नेत्री सुप्रिया जायसवाल के नेतृत्व में नारी शक्ति ने कैंडल मार्च निकाल कर विरोध प्रदर्शन किया। विरोध प्रदर्शन मुख्यालय के शहीद स्मारक चौक से आरंभ होकर नया बाजार, बाटा मोड़, शिव मंदिर से सिहौता बाजार होते हुए राजेंद्र चौक पहुंच शोक सभा में तब्दील हो गई। शोक सभा में उपस्थित लोगों ने मृत चिकित्सक के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए दो मिनट का मौन रखकर उनकी आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। इस मौके पर सुप्रिया जायसवाल ने इस घटना कड़ी भर्त्सना करते हुए कहा कि कोलकाता की घटना एक सभ्य भारतीय समाज को कलंकित किया है जिसकी जितनी भी आलोचना की जाए कम है। देश अपने एक होनहार बेटी को खो दिया है। देश में इस तरह की घटना की पुनरावृत्ति नहीं हो उसके लिए सरकार से सख्त से सख्त कानून बनाने की मांग की तथा इस घटना में दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है।

## चोरी की साइकिल के साथ युवक गिरफ्तार

**भगवानपुर हाट (सिवान)।** थाना की टीम ने गश्त के दौरान रविवार की शाम भगवानपुर हाट थाना क्षेत्र की सीमा पिंडरा गांव से चोरी की साइकिल के साथ एक युवक को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार युवक की पहचान सारण के सहाजितपुर थाना क्षेत्र के मानोपाली निवासी संजू महतो के रूप में हुई है।

बताया जाता है कि भगवानपुर बाजार स्थित एक दुकान के समीप से भगवानपुर अंसारी टोला निवासी इम्तियाज अंसारी की पुत्री अफसाना खातून की साइकिल दो दिन पूर्व चोरी हो गई थी जिसकी शिकायत थाना में की गई थी। साइकिल चोरी के दो दिन बाद पुलिस गुप्त सूचना के आधार पर चोरी की साइकिल के साथ उक्त चोर को गिरफ्तार कर सोमवार को जेल भेज दिया।

## जवान की मौत से गांव में पसरा सन्नाटा

**परवेज़ अख्तर/सिवान।** दारौंदा थाना क्षेत्र के रामा छपरा निवासी चंद्रेश्वर सिंह के पुत्र व आर्मी के जवान नीरज कुमार सिंह की रविवार की शाम गोरखपुर में करंट लगने से मौत हो गई। उनकी मौत की सूचना मिलते ही स्वजनों के रोने से माहौल गमगीन हो गया।बताया जाता है कि थाना क्षेत्र के रामाछपरा निवासी नीरज कुमार सिंह आर्मी के पोस्ट पर जम्मू कश्मीर में तैनात थे, जो हाल ही में छुट्टी पर गोरखपुर स्थित नवनिर्मित मकान पर आए थे। वे रविवार को मकान के ऊपर टंकी में पानी आपूर्ति करने के लिए मोटर स्टार्ट कर रहे थे तभी करंट की चपेट में आ गए। स्वजन उन्हें इलाज के लिए अस्पताल ले गए जहां चिकित्सक द्वारा उन्में मृत घोषित कर दिया गया। घटना की सूचना मिले ही स्वजनों के रोने से माहौल गमगीन हो गया। मृतक की मां शांति देवी, पिता चंद्रेश्वर सिंह, पत्नी पूजा सिंह, पुत्र प्रियांशु सिंह, पुत्री आदिति सिंह समेत अन्य स्वजनों का रो-रोकर बुरा हाल था। आसपास के ग्रामीण स्वजनों को ढाढ़स बंधा रहे थे। स्वजनों ने बताया कि नीरज की शादी अप्रैल, 2009 में सारण के दाउदपुर थाना क्षेत्र के जैतपुर गांव में हुई थी।

## आरक्षी अधीक्षक ने किया थाना का औचक निरीक्षण, दिए कई निर्देश

**परवेज़ अख्तर/सिवान।**आरक्षी अधीक्षक अमितेश कुमार ने सोमवार को भगवानपुर हाट थाना का औचक निरीक्षण किया। आरक्षी अधीक्षक जैसे ही थाना पहुंचे सभी पुलिस पदाधिकारी, पुलिस कर्मी व जवान सजग हो गए। आरक्षी अधीक्षक ने थाना में पहुंचे फरियादियों से उनकी समस्या सुनी। इसके बाद जर्जर थाना भवन का अवलोकन किया तथा साफ सफाई का जायजा लिया। इसके बाद उन्होंने थाना में पदस्थापित सभी पुलिस पदाधिकारियों के साथ बैठक कर नए कानून के तहत काम करने के तरीके बताए। उन्होंने मालखाना, लंबित कांड, गश्त सहित अन्य कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने थानाध्यक्ष को फरार आरोपितों की गिरफ्तारी, अपराध पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस गश्त तेज करने सहित अन्य निर्देश दिए। इस मौके पर थानाध्यक्ष रमाशंकर साह, एसआइ शैलेश कुमार सिंह, एसआइ अवधेश कुमार, एएसआइ राजेश चौहान सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## बंगाल में ट्रेनी लेडी डॉक्टर की हत्या और रेप के विरोध में पंचदेवरी में निकला कैंडल मार्च




**दैनिक खोज खबर/ पंचदेवरी(गोपालगंज)।** रविवार की शाम स्थानीय प्रखंड क्षेत्र के प्रखंड चिकित्सा संघ पंचदेवरी के बैनर तले प्रखंड गेट के सामने बंगाल में हुए लेडी डॉक्टर की हत्या और रेप के विरोध में कैंडल मार्च निकाला गया , यह कैंडल मार्च प्रखंड गेट से होते हुए पंचदेवरी चार मोहानी तक गया । इस दौरान डॉक्टरों ने ममता सरकार के खिलाफ नारेबाजी की तथा ममता सरकार को तत्काल अपदस्त कर राष्ट्रपति शासन लगाने की मांग करते रहे । कैंडल मार्च का नेतृत्व कर रहे डॉक्टर राधिका शरण मिश्रा ने बताया कि ट्रेनी डॉक्टर की हत्या में संलिप्त दोषियों को जब तक सजा नहीं मिलती है , तब तक हम लोग आंदोलन करते रहेंगे , और इस ममता सरकार को अपदस्त कर बंगाल में तत्काल राष्ट्रपति शासन लगाया जाए क्योंकि बंगाल में कानून राज नही रहा है । मोके पर डॉ राधिका शरण मिश्रा , डॉ वंदना त्रिपाठी , डॉ सी बी कुशवाहा , डॉ दीपक कुशवाहा , डॉ अरविंद प्रजापति , डॉ राजेश कुमार , डॉ प्रदीप यादव , डॉ अमोद कुमार सहित अन्य डॉ मौजूद थे !!

## शराब के साथ एक गिरफ्तार

**सिवान।** महादेवा थाना की पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर शराब के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार कर लिया। मामले में थानाध्यक्ष कुंदन पांडेय ने बताया कि सूचना के आधार पर छापेमारी कर गौशाल रोड से डेढ़ लीटर शराब के साथ रामा बांसफोर को गिरफ्तार किया गया।

## सावन महोत्सव में शबाना बनीं मेहंदी व पूजा सावन क्वीन

**सिवान।** शहर के टाउन हाल में रविवार को आराध्या चित्रकला एवं आराध्या पीपल्स फाउंडेशन के तत्वावधान में आयोजित सावन महोत्सव सह सांस्कृतिक कार्यक्रम धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर स्थानीय सांसद विजयलक्ष्मी देवी उपस्थित थीं। कार्यक्रम में मेहंदी रचना प्रतियोगिता, भिन्न-भिन्न प्रकार के खेल एवं भारतीय परिधान को प्रमुखता से प्रसारित करने के लिए रैंप शो का आयोजन किया गया था। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य कला और कलाकारों को आगे बढ़ना था, इसमें व्यावसायिक तौर पर मेहंदी कला स्थापित हो एवं ब्यूटीशियन बुटीक से संबंधित कलाकारों को सामने लाना उद्देश्य रहा। आराध्या चित्रकला द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र व मेडल देकर सम्मानित किया गया। वहीं टाउन हाल के बाहर जगह-जगह हैंडीक्राफ्ट से सेल्फी प्वाइंट बनाए गए थे, जहां पेपर क्राफ्ट बोर्ड और शिवलिंग की भव्यता देख लोग फोटो खींचने को आतुर दिखे। मेहंदी प्रतियोगिता में पांच प्रतिभागियों को बेस्ट मेहंदी अवार्ड एवं शबाना जाकिर को मेहंदी क्वीन की उपाधि से नवाजा गया, वहीं गेम में भी जीते पांच प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया तथा सावन क्वीन के रूप में पूजा गुप्ता, रैंप शो में प्रथम रैंप क्वीन विजेता सौम्या जायसवाल, द्वितीय विजेता अर्पणा कुमारी व तृतीय विजेता रानी तिवारी घोषित हुईं, जहां रैंप जज के रूप में राहुल वर्मा, अनामिका कुमारी व आयुषी राज उपस्थित थे। कार्यक्रम के आयोजनकर्ता आराध्या चित्रकला के निदेशक रजनीश कुमार मौर्य ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत कर उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। वहीं शंभू सोनी ने गायन एवं स्टार हापर्स की टीम ने सामूहिक डांस प्रस्तुत कर सभी की वाहवाही लूटी। आराध्या चित्रकला के निदेशक ने कहा कि यह कार्यक्रम पूर्णतः कला को समर्पित है और मैं आगे भी ऐसे आयोजन करता रहूंगा। इस कार्यक्रम में इनफ्लुएंसर सचिन मनीषा, मिस्टर अभिषेक, मिस्टर डी जहर, एमआर चंदन, फूडी मारिया, एमआर शिवम, ऋतिक, दीपू केसरी, चंदन खेसारी, रोहित, निशा चौधरी, पुष्पांजली, खुशी पांडेय समेत कई कलाकार दर्शक उपस्थित थे।

## अलग-अलग सड़क हादसे में पांच घायल

**सिवान।** जिले में अलग-अलग जगहों पर हुए सड़क हादसे में पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जबकि एक की स्थिति गंभीर होने के कारण चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद पीएमसीएच रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार पहली घटना हुसैनगंज थाना क्षेत्र के महुअल मोड़ के समीप की है। जहां दो बाइक की आमने-सामने की टक्कर में दोनों चालक गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों घायल बाइक चालकों को स्थानीय लोगों की सहायता से सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। घायलों की पहचान आंदर थाना क्षेत्र के आंदर बाजार निवासी ललन साह व नगर थाना क्षेत्र के लक्ष्मीपुर निवासी अजय कुमार के रूप में हुई। दूसरी घटना सिवान-बड़हरिया मुख्य मार्ग स्थित अस्पताल रोड की है। जहां रविवार की देर रात दो बाइक की टक्कर में तीन युवक घायल हो गए। घटना के समय ही नगर थाना की पुलिस मौके पर पहुंच गई। घायल तीनों को इलाज के लिए सदर अस्पताल भेजा दिया। वहीं दोनों क्षतिग्रस्त बाइक को जब्त कर थाना लेकर चली आई। तीनों युवक शहर के ही बताया जा रहे है। उसमें एक युवक की स्थित गंभीर को देखकर डाक्टर ने पटना रेफर कर दिया। तीनों युवकों की देर रात तक पहचान नहीं हो सकी थी। घटना में दोनों बाइक पूरे तरीके से क्षतिग्रस्त हो गई है।

## दो बाइक की आमने-सामने की टक्कर, 7 घायल

**औरंगाबाद में एक बाइक पर 5 लोग थे सवार, सभी अस्पताल में भर्ती**



**औरंगाबाद ,एजेंसी।** औरंगाबाद के रिसियप थाना क्षेत्र के बड़का गांव के समीप दो बाइक की आमने-सामने की टक्कर हो गई। जिसमें एक किशोर समेत 7 लोग घायल हो गए। घायलों को औरंगाबाद सदर अस्पताल में स्थानीय लोगों ने भर्ती करवाया। एक बाइक पर 5 लोग सवार थे। जबकि, दूसरी बाइक पर 2 लोग थे।

घायल की पहचान रिसियप थाना क्षेत्र के तेतरहट गांव निवासी नंदकिशोर यादव, संतोष कुमार यादव, अशोक कुमार यादव, नीतीश कुमार, चंदन कुमार के रूप में हुई है। दूसरे बाइक पर रिसियप थाना क्षेत्र के मधबन गांव निवासी संदीप सिंह और रोशन सिंह सवार थे।

**बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर किया रेफर :** घटना के संबंध में बताया जाता है कि नंदकिशोर यादव अन्य 4 लोगों के साथ अजानियां अकोरहा से अपने घर लौट रहे थे। संदीप सिंह ,रोशन सिंह के साथ सुंदरगंज से अपने घर मधुबन लौट रहे थे, तभी दोनों बाइक की आमने-सामने की टक्कर बिसैनी (बड़का गांव) के पास हो गई। सभी घायलों का इलाज डॉक्टर दिवेश भट्ट ने किया है। कुछ लोगों को डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर किया है।


